भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †1711**

उत्तर देने की तारीख- 13/02/2023

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय**

†1711. श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:
श्री अर्जुन लाल मीणा:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में तथा राजस्थान के उदयपुर जिले में स्थापित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या आंध्र प्रदेश के उन सभी ब्लॉकों को कवर किया गया है जो ईएमआरएस की स्थापना के मानकों को पूरा करते हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार उन जिलों में एक से ज्यादा ईएमआरएस खोलने की अनुमति देगी जहां अधिकांश आबादी जनजातीय है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो, इसके क्या कारण हैं; और

(च) गत तीन वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान ईएमआरएस को राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी राशि आवंटित की गई तथा उदयपुर जिले में खोली गई ईएमआरएस के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री
(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता):

**(क) से (ङ):** सरकार ने 50% या अधिक अनुसूचित जनजाति की आबादी वाले और कम से कम 20,000 जनजातीय लोगों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) स्थापित करने का निर्णय लिया है। वर्ष 2025-26 तक देश भर में कुल 740 ईएमआरएस स्थापित करने का प्रस्ताव है। मौजूदा मानदंडों के अनुसार, एक जिले में एक से अधिक ब्लॉक ईएमआरएस की स्थापना के लिए दोहरे मानदंडों को पूरा कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप एक जिले में एक से अधिक ईएमआरएस होंगे। आंध्र प्रदेश राज्य और राजस्थान के उदयपुर जिले में स्वीकृत ईएमआरएस की संख्या क्रमश: 28 और 08 है और इन सभी ईएमआरएस के आज की तारीख में कार्यात्मक होने की सूचना है। आंध्र प्रदेश राज्य में ईएमआरएस की स्थापना के मानदंडों को पूरा करने वाले सभी ब्लॉकों को एक ईएमआरएस के साथ कवर किया गया है। आंध्र प्रदेश और राजस्थान के उदयपुर जिले में स्वीकृत ईएमआरएस का विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न है।

**(च):** ईएमआरएस के निर्माण के लिए पूंजीगत लागत मैदानी क्षेत्रों के लिए 37.80 करोड़ रुपये और पूर्वोत्तर, पहाड़ी और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के मामले में 48.00 करोड़ रुपये तक है। विद्यालय के संचालन एवं प्रबंधन के लिए विद्यालयों को प्रतिवर्ष प्रति छात्र 1,09,000.00 रूपये की आवर्ती लागत दी जाती है। नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट्स (एनईएसटीएस), जो ईएमआरएस की योजना के प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए

एक स्वायत्त संगठन है, को निधि जारी की जाती है और एनईएसटीएस आगे ईएमआरएस के निर्माण और विद्यालयों के संचालन के लिए आवर्ती लागत के लिए राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों/पीएसयू/निर्माण एजेंसियों/राज्य सोसायटियों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार निधियां जारी करता है। ईएमआरएस 'भारत के संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के तहत अनुदान' के अंतर्गत एक घटक रहा है और 2019-20 के दौरान एक अलग केंद्रीय क्षेत्र की योजना बनाई गई है। 2020-21 से पहले, ईएमआरएस के लिए अनुच्छेद 275(1) के तहत निधियां जारी की गयी थीं। पिछले 3 वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनईएसटीएस को जारी की गई निधियां निम्नानुसार हैं-

| **वर्ष** | **एनईएसटीएस को जारी की गई निधि (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| 2019-20 | 16.21* |
| 2020-21 | 1200.00 |
| 2021-22 | 1057.74 |
| 2022-23 (7.2.2023 तक) | 1465.27 |

*ईएमआरएस योजना के लिए अलग आवंटन के रूप में ईएमआरएस के लिए टोकन प्रावधान 2020-21 से शुरू किया गया था।

अनुलग्नक

"एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय" के संबंध में श्री मद्दीला गुरुमूर्ति और श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा दिनांक 13.02.2023 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या † 1711 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

| राज्य: आंध्र प्रदेश | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | ब्लॉक | गांव | स्वीकृति का वर्ष | कार्यशील स्थिति |
| 1. | पूर्वी गोदावरी | वाई रामावरम | पी. येरागोंडा | 1998-99 | कार्यशील |
| 2. | एसपीएस नेल्लोर | कोडावलुर | कोडावलुर | 2003-04 | कार्यशील |
| 3. | प्रकाशम | दोरनाला | दोरनाला | 2010-11 | कार्यशील |
| 4. | विशाखापत्तनम | गुडम कोठा वीधि | गुडम कोठा वीधि | 2010-11 | कार्यशील |
| 5. | चितूर | बुचीनाईदुकंदरीगा | कनमनंबेदु | 2014-15 | कार्यशील |
| 6. | पूर्वी गोदावरी | मारेडुमिली | मारेडुमिली | 2014-15 | कार्यशील |
| 7. | एसपीएस नेल्लोर | ओजिली | ओजिली | 2014-15 | कार्यशील |
| 8. | श्रीकाकुलम | भामिनी | भामिनी | 2014-15 | कार्यशील |
| 9. | श्रीकाकुलम | मेलियापुत्ती | मेलियापुत्ती | 2014-15 | कार्यशील |
| 10. | विशाखापत्तनम | डुमब्रिगुडा | डुमब्रिगुडा | 2014-15 | कार्यशील |
| 11. | विशाखापत्तनम | मुंचिंगी पुत्तु | मंचिंगिपुत्तु | 2014-15 | कार्यशील |
| 12. | विजयनगरम | कुरुपम | कुरुपम | 2014-15 | कार्यशील |
| 13. | विजयनगरम | मक्कुवा | पानसभद्र | 2014-15 | कार्यशील |
| 14. | विजयनगरम | पचिपेंटा | गुरुविनायदुपेटा | 2014-15 | कार्यशील |
| 15. | पूर्वी गोदावरी | चिंटूर | कुंदुरु | 2018-19 | कार्यशील |
| 16. | पश्चिम गोदावरी | बट्टायागुडेम | बट्टायागुडेम | 2018-19 | कार्यशील |
| 17. | पूर्वी गोदावरी | राजावोमांगी | तल्लापलेम | 2019-20 | कार्यशील |
| 18. | विशाखापत्तनम | चिंतापल्ले | चिंतापल्ली | 2019-20 | कार्यशील |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19. | विजयनगरम | गुम्मालक्ष्मीपुरम | गुम्मालक्ष्मीपुरम | 2019-20 | कार्यशील |
| 20. | विशाखापत्तनम | अनंतगिरी | पथोकोटा | 2020-21 | कार्यशील |
| 21. | विशाखापत्तनम | अराकू घाटी | मज्जिवलासा | 2020-21 | कार्यशील |
| 22. | विशाखापत्तनम | जी मदुगुला | पीजी मदुगुला | 2020-21 | कार्यशील |
| 23. | विशाखापत्तनम | हुकुमपेटा | चिंतालवीदी | 2020-21 | कार्यशील |
| 24. | विशाखापत्तनम | कोय्युरू | बलराम | 2020-21 | कार्यशील |
| 25. | विशाखापत्तनम | पडेरू | कल्लूर | 2020-21 | कार्यशील |
| 26. | विशाखापत्तनम | पेड़ा बयालू | लकियापुट्टु | 2020-21 | कार्यशील |
| 27. | पूर्वी गोदावरी | अड्डाटीगाला | वेतामामीड़ी | 2021-22 | कार्यशील |
| 28. | पूर्वी गोदावरी | रामपछोड़ावरम | पडेजीडाडा | 2021-22 | कार्यशील |

| राज्यः राजस्थान (जिलाः उदयपुर) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | जिला | ब्लॉक | गांव | स्वीकृति का वर्ष | कार्यशील स्थिति |
| 1. | उदयपुर | कोट्रा | कोट्रा | 1997-98 | कार्यशील |
| 2. | उदयपुर | ऋषभदेव | कागदार | 1999-00 | कार्यशील |
| 3. | उदयपुर | गोगुन्डा | ददिया | 2013-14 | कार्यशील |
| 4. | उदयपुर | सरदा | पीपलखूंट | 2019-20 | कार्यशील |
| 5. | उदयपुर | झाड़ोल | जोताना | 2020-21 | कार्यशील |
| 6. | उदयपुर | लसाडिया | कुन | 2020-21 | कार्यशील |
| 7. | उदयपुर | सलूम्बर | प्रेम नगर | 2020-21 | कार्यशील |
| 8. | उदयपुर | खेरवाड़ा | खंडिवरी उपलाफला | 2021-22 | कार्यशील |

*****